# ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

**सत्र 2024-25**

**कक्षा - 9** **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

## अपठित बोध

**प्रश्न- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें तथा उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें।**

पिछले सप्ताह, स्कूल की एक विशेष विद्यार्थी ने अपने गाँव में एक अनोखी पहल की थी। उसने गाँव के बच्चों के लिए एक खेल-पार्क का आयोजन किया था। इस पहल से गाँव के बच्चे न केवल मनोरंजन के लिए एक सुरक्षित स्थान प्राप्त करेंगे बल्कि उनके सामाजिक और शारीरिक विकास में भी मदद मिलेगी। पहले तो सभी लोगों ने इसकी तारीफ की फिर उन्होंने इस खुशनुमा इच्छा का समर्थन किया। विद्यार्थी ने स्थानीय समाज से सहयोग भी प्राप्त किया और खेल-पार्क के लिए आवश्यक सामग्री इकट्ठा की।अब बच्चों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान है। वे अब रोज़ाना खेलने और अधिक सक्रिय बनने के अवसर से वंचित नहीं हैं। इस पहल के माध्यम से वे स्वास्थ्यपूर्ण और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

1. विद्यार्थी ने गाँव में क्या पहल की थी?
   i. एक विद्यालय की योजना
   ii. खेल-पार्क का आयोजन
   iii. शिक्षा के लिए नई योजना
   iv. गाँव में स्वच्छता अभियान
2. विद्यार्थी की पहल के लिए सभी लोगों ने क्या किया?
   i. आलोचना की
   ii. समर्थन दिया
   iii. असहमति जताई
   iv. अनदेखा किया
3. इस पहल से बच्चों को क्या लाभ मिलेगा?
   i. शिक्षा में सुधार
   ii. खेलने का सुरक्षित स्थान
   iii. लोगों का समर्थन
   iv. अध्ययन में वृद्धि
4. विद्यार्थी के गाँव में खेल-पार्क का आयोजन करने का क्या महत्त्व था ? इस पहल से कैसे गाँव के बच्चों को लाभ होगा?
5. विद्यार्थी की पहल गाँव के सामाजिक सुधार में कैसे सहायक साबित हो सकती है ?

## पाठ्य पुस्तक – (स्पर्श भाग-1)

**पाठ -1 दु:ख का अधिकार**

i. दु:ख का अधिकार पाठ का क्या उद्देश्य है ?
ii. बूढ़ी स्त्री के खरबूजे कोई क्यों नहीं खरीद रहा था ?
iii. बुढ़िया के घर का सारा अनाज कैसे खत्म हो गया ?
iv. समाज में मनुष्य का अधिकार और दर्जा कौन निश्चित करता है ?
v. बेटे की मृत्यु के बाद स्त्री अगले दिन ही खरबूज़े बेचने क्यों बैठ गई ?

**पाठ –2 एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा**

i. अभियान दल दिल्ली से हवाई जहाज़ से काठमांडू कब और क्यों चल पड़ा था ?
ii. कर्नल खुल्लर ने सभी सदस्यों को सहज भाव से क्या स्वीकार करने को कहा ?
iii. शिखर पर चढ़ने वालों को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?
iv. अंगदोरजी के पाँव ठंडे क्यों पड़ जाते थे ?
v. 'एवरेस्ट-मेरी शिखर' यात्रा पाठ से आपको क्या संदेश मिलता है ?

**पाठ -3 तुम कब जाओगे अतिथि ?**

प्रश्न -1.गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -

तुमने मेरी आर्थिक सीमाओं की बैंजनी चट्टान देख ली है । तुम मेरी काफ़ी मिट्टी खोद चुके हो । अब तुम लौट जाओ, अतिथि ! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय है। क्या तुम्हें तुम्हारी पृथ्वी नहीं पुकारती ? उस दिन जब तुम आए थे, मेरा हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था। अंदर-ही-अंदर कहीं मेरा बटुआ काँप गया। उसके बावजूद एक स्नेह-भीगी मुसकराहट के साथ मैं तुमसे गले मिला था और मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते की थी। तुम्हारे सम्मान में ओ अतिथि, हमने रात के भोजन को एकाएक उच्च-मध्यम वर्ग के डिनर में बदल दिया था। तुम्हें स्मरण होगा कि दो सब्जियों और रायते के अलावा हमने मीठा भी बनाया था। इस सारे उत्साह और लगन के मूल में एक आशा थी।

i. किसने लेखक की आर्थिक सीमाओं की बैंजनी चट्टान देख ली?
(क) लेखक की पत्नी ने
(ख) लेखक के दोस्तों ने
(ग) लेखक भाई ने
(घ) अतिथि ने

ii. कौन लेखक की काफ़ी मिट्टी खोद चुका है?
(क) लेखक की माँ
(ख) लेखक के दोस्त
(ग) अतिथि ने
(घ) इनमें से कोई नहीं

iii. किसके आने से हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था ?
(क) अतिथि की पत्नी के

(ख) अतिथि के

(ग) उपरोक्त दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न -2 लेखक अतिथि से क्या चाहता है ?

प्रश्न -3 लॉन्ड्री में कपड़े देने की बात सुनकर लेखक की पत्नी को क्या लगा ?

**पाठ्य पुस्तक – (संचयन )**

**पाठ –1 गिल्लू**

i. गिल्लू और महादेवी वर्मा जी के बीच जो प्रेम संबंध स्थापित हुआ उसे अपने शब्दों में लिखें ।
ii. महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू का उपचार किस प्रकार किया ?
iii. लेखिका ने कौवों को अनोखा पक्षी क्यों कहा है ?
iv. लिफ़ाफ़े में बंद पड़े-पड़े भूख लगने लगती तो गिल्लू को लेखिका के द्वारा क्या दिया जाता था ?
v. गिल्लू की किन चेष्टाओं से आभास मिलने लगा कि अब उसको समय समीप है ?

**पाठ – 2 स्मृति**

i. लेखक को कुएँ के भीतर क्यों जाना पड़ा ?
ii. लेखक के छोटे भाई के रोने का क्या कारण था ?
iii. लेखक और उसके भाई को बड़े भाई ने क्या काम दिया ?
iv. साँप को छेड़ने के लिए बच्चे क्या करते थे ?
v. लेखक को बबूल के डंडे से अत्यधिक मोह क्यों था ?

**पाठ- 3 कल्लू कुम्हार की उनाकोटी**

i. लेखक त्रिपुरा क्यों गया था ?
ii. अखबार की ख़बरों को लेखक क्या मानते हैं ?
iii. लेखक त्रिपुरा की राजधानी अगरतला कब गया था ?
iv. उनाकोटी के बारे में जिलाधिकारी ने क्या जानकारी दी ?
v. बिजलियों की चमक और बादलों की गर्जन-तर्जन को देख कर लेखक को क्या याद आया ?

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

i. शब्द तथा पद में अंतर स्पष्ट कीजिए
ii. निम्न शब्दों में अनुनासिक या अनुसार का प्रयोग कर शब्दों को पुनः लिखिए ।
ठडा , आतक , बासुरी , फसना, सजीवनी , बधन, चादनी
iii. निम्न शब्दों में संधि कीजिए - पौ+अन , भौ +उक , नौ+इक , पितृ+इच्छा
iv. संधि-विच्छेद कीजिए - महर्षि , विद्यालय , सर्वोत्तम , महोदय, सुरेंद्र
v. निम्न शब्दों में उपसर्ग और मूल शब्द को अलग- अलग करके लिखें ।
vi. प्रतिनिधि , विभाग , प्रभात, अनेक , उद्गम
vii. निम्न शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय को अलग- अलग करके लिखें ।
viii. बचपन , कठिनाई , जोरदार, दूधवाला , ललाइन

**(रचनात्मक लेखन)**

i. **निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखें ।**

**इंटरनेट: एक संचार क्रांति**

संकेत बिंदु - अर्थ, संचार जगत में क्रांति, ज्ञान का भंडार, शिक्षा में सहायक, दोष एवं प्रभाव

**प्रकृति से प्रेम करो**

संकेत बिंदु : ईश्वर का अमूल्य उपहार ,हमारी धरोहर ,प्रकृति -प्रेम, ख़ुशी तथा शांति ,उपसंहार ।

ii. नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित एक पुस्तक प्रदर्शनी में जाने के अपने अनुभव को अपने दोस्त को बताते हुए एक पत्र लिखिए।

iii. निम्नलिखित विषय पर संवाद 40-50 शब्दों में लिखें ।

पिकनिक के आयोजन को लेकर शिक्षक और विद्यार्थी के बीच बातचीत ।

iv. दिए गए चित्र का वर्णन 25-30 शब्दों में करें ।

